अनुक्रमांक नाम

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2026−27
# कक्षा — 9
# सामाजिक विज्ञान

निर्धारित समय : 3:15 घण्टे पूर्णांक : 70

सामान्य निर्देश :

(1) प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर खण्डों के क्रमानुसार ही कीजिए।

(2) मुद्रित पृष्ठों की संख्या 06 है। कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(3) घण्टी का प्रथम संकेत प्रश्न पत्रों के वितरण एवं प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए है। 15 मिनट के पश्चात् घण्टी के द्वितीय संकेत पर प्रश्न पत्र हल करना प्रारम्भ कीजिए।

(4) यह प्रश्न पत्र 3 खण्डों अ, ब, स में विभाजित है। खण्ड–अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर OMR शीट पर दिया जाना है। खण्ड–ब, एवं स 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक–1 तथा वर्णनात्मक–2 एवं मानचित्र से सम्बन्धित दो प्रश्न हैं। (क) विश्व का मानचित्र, (ख) भारत का मानचित्र सम्मिलित हैं।

## खण्ड–अ (बहुविकल्पीय)

1. जिगुरत क्या था— (1)

क. देवता
ग. राजमहल
ख. मूर्ति
घ. देवमंदिर

2. मंगल पाण्डे किस ब्रिटिश छावनी में सैनिक था— (1)

UPBoardHub

क. जगदीशपुर
ख. कानपुर
ग. बैरकपुर
घ. झॉसी

3. समाजवाद का जनक कहा जाता है— (1)

क. लेनिन
ख. कार्लमार्क्स
ग. बुकनिन
घ. गोर्की

4. किस देश की पार्लियामेंट को ड्यूमा कहा जाता है— (1)

क. फ्रांस
ख. रूस
ग. इंग्लैण्ड
घ. जर्मनी

5. बोल्शेविकों का नेता था— (1)

क. हिटलर
ख. लेनिन
ग. स्टालिन
घ. कार्लमार्क्स

6. अमेरिकी सैनिक अड्डे 'पर्लहर्बर' पर बम्बारी की थी— (1)

क. इटली ने
ख. जापान ने
ग. जर्मनी ने
घ. अमेरिका ने

7. स्वेज नहर को कब खोला गया— (1)

क. 1860 ई. में
ख. 1865 ई. में
ग. 1869 ई. में
घ. 1870 ई. में

8. कर्क रेखा निम्न में से किस राज्य से नहीं गुजरती है— (1)

क. राजस्थान
ख. उड़ीसा
ग. छत्तीसगढ़
घ. त्रिपुरा

9. पूर्वीघाट का सर्वोच्च शिखर है—— (1)

क. अनाईमुडी  ग. कंचनजंघा
ख. महेन्द्रगिरि  घ. खासी

10. लक्षद्वीप का प्रशासनिक मुख्यालय स्थित है—— (1)

क. लक्खाद्वीप पर  ग. कवरत्ती द्वीप पर
ख. पिटली द्वीप पर  घ. इनमें से कोई नहीं

11. नर्मदा नदी का उद्गम कहाँ है—— (1)

क. सतपुड़ा  ग. ब्रह्मगिरि
ख. अमरकंटक  घ. पश्चिमीघाट के ढाल

12. 'धुँआधार प्रपात' किस राज्य में स्थित है—— (1)

क. मध्य प्रदेश  ग. झारखण्ड
ख. छत्तीसगढ़  घ. महाराष्ट्र

13. लोकतंत्र शब्द की उत्पत्ति हुई है—— (1)

क. डेमोक्रेटी से  ग. डेमोक्रेट से
ख. डेमोक्रेशिया से  घ. इनमें से कोई नहीं

14. निम्न में से कौन सा देश लोकतांत्रिक नहीं है—— (1)

क. इंग्लैण्ड  ग. म्यांमार
ख. संयुक्त राज्य अमेरिका  घ. भारत

15. भारतीय संविधान में कुल कितने अनुच्छेद हैं—— (1)

क. 352 ग. 395

ख. 380 घ. 400

16. वोटर लिस्ट का दूसरा नाम क्या है— (1)

क. टिकट ग. मतदाता सूची

ख. नामांकन पत्र घ. इनमें से कोई नहीं

17. भारत के किस राज्य में रासायनिक खाद का सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाता है— (1)

क. मध्य प्रदेश ग. पश्चिम बंगाल

ख. असम घ. पंजाब

18. निम्न में से तृतीय क्षेत्र के अन्तर्गत आता है— (1)

क. वानिकी ग. खनन

ख. स्वास्थ्य घ. विनिर्माण

19. जनसंख्या किस प्रकार का संसाधन है— (1)

क. प्राकृतिक संसाधन ग. भौतिक संसाधन

ख. मानव संसाधन घ. पूँजी

20. हरित क्रांति देश की उत्पादकता शक्ति को— (1)

क. बढ़ाता है ग. घटाता है

ख. स्थिर रखता है घ. समाप्त करता है

## खण्ड–ब (वर्णनात्मक–1) लघुउत्तरी प्रश्न — 80 शब्द

1. बास्तील का पतन किन कारणों से हुआ? इस घटना का क्या परिणाम हुआ?

अथवा

बोस्टन टी पार्टी की घटना के महत्व को लिखिए।

2. भारत को उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता है?

अथवा

दून क्या है? दून कहाँ पायी जाती है?

3. लोकतंत्र एक सर्वोत्तम शासन है। कैसे? लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

भारतीय संविधान की चार विशेषताएँ लिखिए।

4. उत्पादन क्या है? इसका उद्देश्य लिखिए।

अथवा

भौतिक पूँजी और मानव पूँजी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

# खण्ड–स (वर्णनात्मक–2) विस्तृत उत्तरीय प्रश्न —— 150 शब्द

5. फ्रांसीसी क्रांति में निम्न प्रतीकों को परिभाषित कीजिए—— क. टूटी हुई जंजीर ख. राजदण्ड ग. डैनेवाली स्त्री

अथवा

महिलाओं के प्रति हिटलर की नीति का वर्णन कीजिए।

6. राष्ट्रीय जल नीति से क्या समझते हो? वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत के प्रायद्वीपीय पठार का भौगोलिक महत्व बताइए।

7. संविधान का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी प्रस्तावना का वर्णन कीजिए।

अथवा

भारतीय चुनाव आयोग एक स्वतंत्र एवं शक्तिशाली संस्था है। इसके पक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए।

8. बेरोजगारी किसे कहते हैं? बेरोजगारी के प्रकार का वर्णन कीजिए।

अथवा

चकबन्दी किसे कहते हैं? चकबन्दी कितने प्रकार की होती है ? वर्णन कीजिए।

9.(क) विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये— 1. फ्रांस, इंग्लैण्ड देश 2. नील, सिंधु नदियां 3. एक चरवाहा समुदाय का क्षेत्र

(ख) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए— 1. कर्क रेखा – – – – – – चिन्ह द्वारा 2. अरावली पर्वत श्रेणी △ चिन्ह द्वारा 3. गंगा नदी ~ चिन्ह द्वारा 4. बुलर और सांभर झीलें

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward Pa Skte h